Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 01-03-2006
Participants : Patil Adv. Tukaram Ganpatrao Renge

>

Title : Need for doubling of railway line between Manmad and Mutkhed.

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी) : अध्यक्ष महोदय, महाराट्र के नांदेड़ जिले में स्थित गुरूद्वारा में 2008 में गुरू गोविंद सिंह जी के 300वें जन्म दिन के मौके पर दुनिया भर के सिक्ख समाज के लोग आ रहे हैं। इसके लिए बजट में कई करोड़ रूपये का प्रावधान भी विशो रूप से किया गया है और कई विशो रेल सेवा भी चलायी जायेगी, परन्तु मनमाड़ से मुटखेड़ में केवल सिंगल लाइन है, जिसके कारण नांदेड़ में सिक्ख समाज को आने जाने में कई दिक्कत उठानी पड़ सकती हैं और दोहरीकरण के अभाव में आधुनिक ढंग की तकनीकी वाली तीव्र गति से चलने वाली रेल सेवा चलाना भी असंभव है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मनमाड़ से मुटखेड़ के बीच दोहरीकरण किये जाने की अति आवश्यकता है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मनमाड़ से मुटखेड़ के बीच दोहरीकरण किये जाने का कार्य इसी र्वा किया जाये।